भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **839**
दिनांक 6 फरवरी , 2020 / 17 माघ, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हरियाणा के हिसार में नया हवाई अड्डा

839. श्री बृजेन्द्र सिंहः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या हिसार, हरियाणा में एक नया हवाई अड्डा स्थापित किया जा रहा है और यदि हां, तो उसकी स्थिति क्या है; और
(ख) नए हवाई अड्डे से उड़ानें कब तक प्रचालित होने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): हिसार हवाईअड्डा राज्य सरकार का हवाईअड्डा है। क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) 2.0 के अंतर्गत, चयनित एयरलाइन प्रचालक (SAO) को आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत हिसार-चंडीगढ़-दिल्ली-हिसार नेटवर्क अवार्ड किया गया था। संबन्धित मार्गों को एसएओ द्वारा अनुबंध करार का अनुपालन नहीं किए जाने के परिणामस्वरूप निरस्त/रद्द कर दिया गया। इस योजना के आगामी चरण की बोली प्रक्रिया के अंतर्गत कोई वैध बोली प्राप्त नहीं हुई थी। आरसीएस-उड़ान एक बाज़ार चालित तंत्र है। रुचि रखने वाली एयरलाइनों विशेष मार्गों पर अपने मांग के आकलन के आधार पर, आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत समय-समय पर होने वाली बोली प्रक्रिया में प्रस्ताव रख सकती है।

*****